भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1449**

उत्तर देने की तारीख 13.02.2025

**ओडिशा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय**

**1449.** श्री अनन्त नायक:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में स्वीकृत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की संख्या कितनी है;

(ख) इस समय कितने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन हो रहा है और शेष विद्यालयों को कब तक पूरा कर लिया जाएगा;

(ग) इन विद्यालयों में प्रवेश कब से शुरू हो रहे हैं; और

(घ) विशेषकर क्योंझर जिले के संचालित विद्यालयों में अब तक नामांकित छात्रों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क)** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने ओडिशा राज्य में 114 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की स्थापना को मंजूरी दी है, जिनमें से 31.01.2025 तक 108 ईएमआरएस के लिए स्थान स्वीकृत कर दिए गए हैं।

**(ख)** आज की तारीख तक ओडिशा राज्य में 47 ईएमआरएस कार्यशील हैं। कार्य सौंपे जाने के बाद भवन निर्माण पूरा होने की समय-सीमा मैदानी क्षेत्रों के लिए 18 महीने और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए 24 महीने है।

**(ग)** जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने ईएमआरएस योजना का प्रबंधन और कार्यान्वयन करने के लिए 01.01.2025 को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीकृत प्रवेश दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें सुचारू और समय पर प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए राज्य सोसायटियों को 01.04.2025 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के विशिष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, राज्य सोसायटियों को समयसीमा और प्रक्रियाओं के बारे में स्पष्ट निर्देश जारी करने, राज्यों के साथ नियमित निगरानी और समन्वय सहित एनईएसटीएस ने कई उपाय किए हैं। इन कदमों का उद्देश्य पारदर्शिता, दक्षता और प्रवेश प्रक्रिया को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करना है ताकि छात्र बिना देरी के अपना शैक्षणिक सत्र शुरू कर सकें।

**(घ)** शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए क्योंझर जिले में ईएमआरएस में कुल 757 छात्रों को नामांकित किया गया है।

*********